सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 95 | इंदौर, बुधवार 11 अक्टूबर, 2023 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## भाजपा में बगावत

## सागर और बंडा में हो रहा विरोध, जिले की 8 सीटों में 7 के टिकट घोषित

### टिकट न मिलने पर दावेदार बोले-हम भी चुनाव लड़ेंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर। भारतीय जनता पार्टी ने जिले की 8 सीटों में 7 के टिकट घोषित कर दिए हैं। बंडा और देवरी में टिकट बदले हैं तो सागर, नरयावली, खुरई, रहली और सुरखी में वर्तमान विधायकों को ही मैदान में उतारा है। सात सीटों पर टिकट होने के बाद सागर और बंडा में बगावत के सुर उठे हैं। दोनों ही जगह से भाजपा के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताते हुए पार्टी के खिलाफ चुनाव लडऩे का ऐलान कर दिया है।**

सागर विधानसभा क्षेत्र से मुकेश जैन ढाना का कहना है कि मैं सागर विधानसभा सीट से ही लड़ूंगा। निर्दलीय या किसी पार्टी से चुनाव लडऩे के सवाल पर वे कहते हैं कि दो-चार दिन में अगली रणनीति का खुलासा करूंगा। पार्टी से बगावत पर वे कहते हैं कि पिछले विधानसभा चुनाव में मैंने निर्दलीय फॉर्म जमा किया था। उस समय मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर और तत्कालीन प्रदेशाध्यक्ष राकेश सिंह ने भोपाल में मुझसे चर्चा की थी।

उन्होंने कहा था अगले विधानसभा चुनाव में पार्टी आपको टिकट देगी। यह कहकर मुझे विधानसभा चुनाव न लडऩे से मनाया था। मैं 35 वर्ष से भाजपा का कार्यकर्ता हूं। वहीं बंडा विधानसभा सीट से भाजपा के वरिष्ठ नेता कुंवर रंजोर सिंह बुंदेला ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने बहुजन समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण करते हुए बंडा विधानसभा सीट से चुनाव लडऩे का ऐलान भी किया है।



पार्टी को समय देने के सवाल पर यादव बोले- मैं अपने लिए समय दूंगा बंडा से ही दावेदारी कर रहे भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुधीर यादव भी बागी तेवर अपनाए हुए हैं। टिकट नहीं मिलने पर आगामी रणनीति के सवाल पर वे कहते हैं कि वक्त का इंतजार किया। जब उनसे पूछा गया कि वे पार्टी के लिए चुनाव में कितना वक्त देंगे।

इस पर उन्होंने कहा- हम अपने लिए समय देंगे। इसी तरह नरयावली विधानसभा क्षेत्र से दावेदारी कर रहे पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद तोमर का कहना है कि मैं अपने समर्थकों के साथ तैयारी में लगा था। उन्होंने अच्छा सहयोग किया। ऐसे में अपना कोई भी अगला निर्णय उन्हीं से पूछकर करूंगा। जैसा वे कहेंगे, वैसा ही करूंगा।

## प्रदेश के 16 अधिकारी कराएंगे अन्य राज्यों के विधानसभा चुनाव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्यप्रदेश के 16 आइएएस अधिकारी तेलंगाना, राजस्थान, छत्तीसगढ़ व मिजोरम में विधानसभा चुनाव कराएंगे। इन्हें चुनाव आयोग ने पर्यवेक्षक बनाया है और उन्हें प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। इन सभी को नामांकन समाप्ति से पहले इन्हें संबंधित जिले में पहुंचना होगा।**

**पांच राज्यों के लिए 900 पर्यवेक्षक-** निर्वाचन आयोग ने पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव कराने के लिए 900 पर्यवेक्षक नियुक्ति किए हैं। इसके लिए अलग-अलग राज्यों से आइएएस, आइपीएस और आइआरएस अधिकारियों का चयन किया गया है।

**अधिकारी अब चुनाव आयोग के नियंत्रण में-** प्रदेश से 16 अधिकारी अब चुनाव आयोग के नियंत्रण में काम करेंगे। इनमें स्वतंत्र कुमार सिंह, श्रीकांत भनोत, सतेन्द्र सिंह, कृष्णदेव त्रिपाठी, चंद्रमौली शुक्ला, सतीश कुमार एस, पंकज जैन, चंद्रमोहन ठाकुर, रोहित सिंह, राजीव रंजन मीना, रत्नाकर झा, सोमेश मिश्रा और एस कृष्ण चैतन्य शामिल हैं। अजय गुप्ता और सोनिया मिश्रा का नाम भी पर्यवेक्षक के लिए भेजा गया था लेकिन बाद में इनमें के स्थान पर गौतम सिंह, संजय मिश्रा और शिल्पा गुप्ता को भेजा गया है। इन सभी पर्यवेक्षकों की छह अक्टूबर को चुनाव आयोग के साथ बैठक भी हो चुकी है।

## दुष्कर्म की झूठी रिपोर्ट दर्ज करवाने वाली महिला का कोर्ट में पकड़ाया झूठ

### अब उस पर चलेगा केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**खंडवा।** दुष्कर्म के एक मामले में पीड़िता के बार-बार बयान बदलने पर न्यायालय ने संज्ञान लिया। अभियोक्त्री (अनावेदक) द्वारा न्यायालय में मिथ्या साक्ष्य देने से उसके विरुद्ध न्यायालय द्वारा परिवाद प्रस्तुत करने की कार्रवाई की गई। दुष्कर्म के मामले में सुनवाई करते हुए विशेष न्यायाधीश प्रकाशचंद्र आर्य ने अभियुक्त दिनेश जगताप पुत्र रमेश जगताप को दोषमुक्त किया। पीड़िता के विरुद्ध स्वयं संज्ञान लेते हुए उसके द्वारा असत्य कथन करने एवं बार-बार कथन बदलने पर परिवाद दर्ज करने के आदेश दिए हैं।

**यह था मामला-** अभियोजन की घटना के अनुसार पीड़िता ने 28 दिसंबर 2020 को थाना पिपलोद में इस आशय की मौखिक सूचना दर्ज कराई। खेती मजदूरी का काम करती है। 27 दिसंबर को वह अपने खेत में चने निकालने जा रही थी। वह अपने खेत में अकेली थी। उस समय गांव का दिनेश सामने आया और उसका हाथ पकड़कर दुष्कर्म किया। दिनेश ऐसी हरकत उसके साथ तीन-चार बार कर चुका है, लेकिन उसके बड़े बच्चे होने से शर्म के कारण किसी को यह बात नहीं बताई। जब दिनेश ने यह काम किया तो उसने यह बात घर आकर उसके बड़े लड़के को बताई। फिर उसके लड़के ने अभियोक्त्री के भाई को बताया और थाने जाकर रिपोर्ट की आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। पुलिस द्वारा अनुसंधान पूर्ण कर अभियोग पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया था।

### फिलिस्तीन के प्रति कांग्रेस के रुख पर भड़के शर्मा

## बोले- कांग्रेस का हाथ, जिहादियों के साथ

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। इजराइल पर आतंकियों के बर्बर हमले से देश की जनता स्तब्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस हमले पर दुख व्यक्त किया है और इस संकट की घड़ी में इजराइल के साथ एकजुटता प्रदर्शित की है लेकिन ये दुर्भाग्यपूर्ण है कि सिर्फ तुष्टीकरण की राजनीति के चलते कांग्रेस इस मामले में देश के अधिकृत पक्ष से अलग जा रही है। कांग्रेस वर्किंग कमेटी ने आतंकियों के समर्थन में एक प्रस्ताव पारित किया है। कांग्रेस का यह रवैया नया नहीं है, बल्कि कांग्रेस का हाथ हमेशा से आतंकवादियों और नक्सलवादियों के साथ



रहा है।

यह बात भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने मीडिया सेंटर मंगलवार को भोपाल में पत्रकारों से चर्चा के दौरान कही। शर्मा ने कांग्रेस के इस रवैये की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि आने वाले चुनाव में जनता ही कांग्रेस की इस समस्या का इलाज करेगी।

### हमेशा देश विरोधियों के साथ खड़ी रही कांग्रेस

प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि देश विरोधियों, आतंकवादियों के प्रति हमदर्दी कांग्रेस की पुरानी आदत है। जो देश के लिए खतरनाक हैं, देश पर हमला करते हैं, कांग्रेस उनके लिए प्रेम दिखाती रही है। शर्मा ने कहा कि भारतमाता के टुकड़े करने के नारे लगाने वाले टुकड़े-टुकड़े गैंग के सदस्यों को राहुल गांधी गले लगाते हैं और उन्हें कांग्रेस में पद दिए जाते हैं। मिस्टर बंटाधार देश को हिंदू आतंकवाद से खतरा बताते हैं और जाकिर नाइक को शांतिदूत कहते हैं। हिंदुओं का विरोध, हिंदू संस्कृति के मानबिंदुओं का विरोध कांग्रेस की आदत रही है।

# तुलसी नगर को संवैधानिक सुविधाओं का लाभ मिलेगा

## रहवासियों की बैठक में निर्णय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। दो दशक पुराने तुलसी नगर के 537 प्लाटों का अनापत्ति प्रमाण पत्र जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम को देने के पश्चात नियमितीकरण की प्रक्रिया विधानसभा चुनाव बाद पूर्ण होने की संभावना है। प्लाटों के नियमितीकरण के पश्चात रुके विकास कार्यों को गति मिलेगी। कॉलोनी के ड्रेनेज लाइन, सडक़ों के निर्माण सहित सभी अधोसंरचना विकास के कार्यों को अगले एक वर्ष में पूरा किया जाएगा। इस आशय का आश्वासन महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने तुलसी नगर कॉलोनियों के रहवासियों को दिया। महापौर की यह बैठक सरस्वती मंदिर प्रांगण में आयोजित की गई थी। विकास कार्यों से अछूते तुलसी नगर के रहवासियों को आश्वस्त करते हुए महापौर ने कहा कि उनकी मूलभूत समस्याओं के निराकरण के लिए निगम सदैव उनके साथ है और अभी तक उनकी मांगों के निराकरण में जो भी विलंब हुआ है उसको भी निकट भविष्य में दूर कर सभी संवैधानिक सुविधाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

### अधिकारियों के साथ मिलकर करेंगे काम

स्थानीय विधायक महेंद्र हार्डिया ने आश्वस्त करते हुए कहा कि कॉलोनी के जिन प्लाटों के नियमितीकरण सीलिंग एक्ट के कारण समस्या उत्पन्न हो रही है, उसका निरकारण शीघ्र ही मुख्यमंत्री एवं प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ मिलकर कर लिया जाएगा। इस अवसर पर मेयर इन कौंसिल सदस्य राजेश उदावत, पार्षद संगीता जोशी सहित बड़ी संख्या में रहवासी उपस्थित थे।

# रैली, वाहनों के उपयोग की अनुमतियां के लिए एकल खिड़की स्थापित

## नोडल अधिकारी भी नियुक्त

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होते ही प्रशासन एक्शन के मूड में आ गया है। निर्वाचन आयोग के नियमों का कड़ाई से पालन कराने अधिकारी तैनात किए जा रहे हैं। इसी क्रम में एकल खिडक़ी खोलकर नोडल अधिकारी रोशनी वर्धमान को नियुक्त किए गए हैं, जो रैली, आयोजनों, वाहनों के उपयोग, सभा के लिए अनुमति देंगे। एकल खिडक़ी की स्थापना राजस्व सहायता केन्द्र भू-तल में की गई है। यह एकल खिडक़ी 24 घंटे चालू रहेगी।

एकल खिडक़ी के लिए तीन दल बनाए गए हैं, जिसमें सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक दल अ हेतु टास्क मैनेजर दीप्ति रात्रे, सहायक वर्ग 3 युसूफ खान, तकनीकी सहायक अर्चना जायसवाल एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर बृजेंद्र सिंह राठौड़, दोपहर 3 बजे से रात्रि 11 बजे तक दल ब हेतु सहायक सांख्यिकी अधिकारी सीप्रियन परेरा, सहायक वर्ग 3 जितेंद्र सोहनी, सहायक वर्ग 3 प्रकाश मंडलोई एवं ऑपरेटर रितेश जायसवाल, रात्रि 11 बजे से सुबह 8 बजे तक दल स के लिए ब्लॉक समन्वयक जगजीत सिंह, लेखापाल विजय के दात्रे, सहायक वर्ग 2 विनोद नागरे एवं डाटा एंट्री ऑपरेटर कन्हैयालाल सोलंकी की ड्यूटी रहेगी।

# नवरात्र उत्सव में सजेगा सर्व सिद्धि माँ गढ़ कालिका का दरबार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इन्दौर। सार्वजनिक महोत्सव समिति जयरामपुर कॉलोनी के सचिव अनिल आगा ने बताया कि विगत 30 वर्षो से जयरामपुर कॉलोनी स्थित श्री बाबल साईं मन्दिर में भव्य रूप से विराजित माँ दुर्गा नवरात्रि उत्सव में इस बार विश्व प्रसिद्ध माँ गढ़ कालिका माता मन्दिर उज्जैन की प्रतिकृति बनाई जायेगी, जिसमे हुबहु मन्दिर में स्थापित विग्रह माता गढ़ कालिका के रूप में ही बनाया जायेगा। इंदौर के प्रसिद्ध कलाकारो द्वारा ही प्रतिमा का निर्माण और श्रृंगार भी किया जा रहा है। हर दिन माँ का अलग अलग रूपो में श्रृंगार कर अलग अलग रूप देकर सब उन पर चढने वाली वस्तुओ का ही भोग और पूजन अर्पित किया जाएगा। जिसकी तैयारी मन्दिर परिसर में जारी है,उज्जैन स्थित मन्दिर की हूबहू प्रतिकृति भी बनाकर समारोह स्थल पर लगाई जा रही है जिसे इन्दोर के कलाकार ही आकृति दे रहे है। मंदिर और मन्दिर जैसा ही एक भव्य प्रवेश द्वार और शिखर भी बनाया जा रहा है, जिसमे माँ गढ़ कालिका माता विराजित होकर भक्तों को दर्शन देगी। प्रतिदिन शाम 7 बजे से श्री दुर्गा सप्तशती का पाठ,हवन यज्ञ,पूजन,कन्या भोज,आरती भजन संध्या,माता की चौकी,भंडारा आदि भी नियमित रूप से आयोजित होंगे। उक्त आयोजन 23 जयरामपुर कॉलोनी स्थित श्री बाबल साईं मंदिर मे किये जएगे।

# 2 दिवसीय लिट्रेचर फेस्टिवल 12 से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। साहित्य उत्सवों में शुमार द ग्रेट इंडियन बुक टूर का दो दिवसीय लिट्रेचर फेस्टिवल का आयोजन 12 ओक्टम्बर, गुरुवार से मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी में होने जा रहा है। इस फेस्टिवल में इंदौर सहित मुंबई, कोलकाता आदि शहरों से ख्यात लेखक, कवि, साहित्यकार और नाट्य लेखक शिरकत करेंगे।यह जानकारी देते हुए द ग्रेट इंडियन बुक टूर के संस्थापक प्रशांत गुप्ता ने बताया कि इस फेस्टिवल में लेखको से संवाद, पुस्तकों पर चर्चा, नाट्य लेखन पर वर्कशॉप, विमोचन और पुस्तक प्रदर्शनी भी होगी। साथ में बच्चों के लिए भी साहित्य से जुडी गतिविधियां होगी। 12 और 13 ओक्टम्बर को साहित्य और कला से जुड़े करीब 10 सत्र होंगे। बुक फेस्टिवल का शुभारंभ 12 ओक्टम्बर को सुबह 9.30 बजे 2 बार मोहन राकेश नाट्य राष्टीय सम्मान प्राप्त प्रसिद्ध नाटय लेखक और कवि ऋषिकेश वैद्य करेंगे।13 ओक्टम्बर को सत्र की शुरूआत इंदौर की लेखिका रिचा चतुर्वेदी की पुस्तक पर चर्चा से होगी। वे लेखन के साथ साथ शिक्षा के क्षेत्र से भी जुड़ी हैं। दूसरा सत्र मुंबई की लेखिका और आध्यात्मिक विषयों पर कलम चलाने वाली लेखिका डॉ. मनीषा अंबेकर और महू, इंदौर की लेखिका समृद्धि जैन के नाम रहेगा। डॉ. मनीषा अंबेकर पुस्तक कैफे कर्मा और समृद्धि के नावॅल द पर्पल एनवलप पर चर्चा होगी।

# गौरवपूर्ण तरीके से मनाया 18वां वर्ष

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। ट्रेवल एजेंट्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ चैप्टर ने मंगलवार को अपने 18 साल पूर्ण किए। इस उपलक्ष्य चैप्टर ने कार्यक्रम का आयोजन किया। खास बात यह थी इसमें मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ के पूर्व चेयरमैन और ऑफिस कार्यकारिणी सदस्यों ने भाग लिया। उनका स्वागत चेप्टर चेयरमैन हेमेंद्र सिंह जादौन ने किया। इस दौरान सभी पूर्व ऑफिस कार्यकारिणी सदस्यों ने बदलते टूरिज्म सेक्टर पर चर्चा की और प्रदेश के टूरिज्म विकास का प्लान तैयार किया। कार्यक्रम में एयरलाइंस के अधिकारियों से इंदौर के लिए राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय नए सेक्टर जोडऩे की सिफारिश रखी। आभार चेप्टर सेकेट्री अमित नवलानी ने माना।

# सर्व प्रजापति समाज का महाकुंभ हुआ

इंदौर। अभा. प्रजापति कुंभकार महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष मांगीलाल रेडवाल ने बताया कि समाज का महाकुंभ विधानसभा एक में आयोजित किया गया। इसमें मुख्य अतिथि कैलाश विजयवर्गीय थे। इस विधानसभा में 30 से 40 हजार समाज के वोटर हैं। इस अवसर पर समाज की प्रतिभाओं और खिलाडिय़ों का भी सम्मान किया गया।

## कटाक्ष




## राष्ट्रीय अधिवेशन संपन्न

# इंदौर मे बनेगा भव्य पोरवाल भवन,

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मंगलवार को पोरवाल समाजजनो ने बड़ा गणपति से अपने अभियान की मंगलकामना की ,इसके पूर्व अखिल भारतीय पोरवाल महासंघ का राष्ट्रीय अधिवेशन का शुभारंभ हुआ । पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आशीष गुप्ता ने बताया कि विशेष रुप से इंदौर में एक भव्य व विशाल पोरवाल भवन बनाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से स्वीकृत किया गया।**

अधिवेशन में शामिल हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय ने कहा की समाजसेवा हो या देश सेवा पोरवाल समाज हमेशा अग्रणी रहा है उन्होंने कार्यक्रम के आयोजक आशीष गुप्ता को बधाई देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को भारतीय संस्कृति से जोड़े रखने का प्रयास करें । वैश्य महासम्मेलन के राष्ट्रीय महामंत्री गोपाल मोर ने कहा कि वर्तमान में अब नई पीढ़ी को भी सामाजिक मूल्यों के साथ सामाजिक विकास में हिस्सेदारी निभानी चाहिए ,आज भारत विश्व की अर्थव्यवस्था में नए आयाम स्थापित कर रहा है उसमें वैश्य समाज का बहुत बड़ा योगदान है ।

### वैश्य महासम्मेलन के प्रदेश

उपाध्यक्ष कमल अजमेरा ,महासंघ के देवेंद्र गुप्ता, गौरव गुप्ता,अशोक सेठिया, लक्ष्मी गुप्ता,ललित पोरवाल, श्याम पोरवाल राणापुर सहित कई सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने संबोधित किया। अंत में कार्यक्रम संयोजक वैभव गुप्ता ने सभी अतिथियो के प्रति आभार व्यक्त किया ,संचालन महासंघ महामंत्री गौरव गुप्ता ने किया।

# राष्ट्रीय डाक सप्ताह में कई गतिविधियां होगी

इंदौर। डाक परिक्षेत्र अंतर्गत सभी संभागों में 13 अक्टूबर तक राष्ट्रीय स्तर पर ग्राहक-मीडिया के बीच इंडिया पोस्ट की भूमिका के बारे में जागरूकता के लिए राष्ट्रीय डाक सप्ताह मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत कई गतिविधियां आयोजित की गई। पहले दिन 10 अक्टूबर को ग्रामीण डाकघरों में बचत को प्रोत्साहित करने मेला लगाया गया। आज 11 अक्टूबर को जीपीओ में डाक टिकट प्रदर्शनी तथा शेष संभागों द्वारा विभिन्न स्कूलों में फिलाटेली आधारित क्वीज प्रतियोगिता कराई जाएगी। कल 12 अक्टूबर को डाकघर के ग्राहकों से मीटिंग व डाक वितरण की गुणवत्ता में सुधार के लिए कर्मचारियों की कार्यशाला होगी। अंतिम दिन 13 को शिविर लगाकर सुकन्या समृद्धि खाते के केम्प लगाए जाएंगे।

# चुनाव के लिए तैयार इंदौर: सोशल मीडिया पर 24 घंटे नजर, हर क्षेत्र की वीडियो रिकार्डिंग, कई स्तर पर चेकिंग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव के लिए प्रशासन भी एक्शन मोड में आ गया है। सड़कों पर लगे होर्डिंग, पोस्टर लगातार हटाए जा रहे हैं। वाहनों की चेकिंग भी तेज हो गई है। कलेक्टर ने सभी विभागों को सख्ती के निर्देश दिए हैं। मंगलवार को इस संबंध में कलेक्टर ने बैठक बुलाई। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. इलैयाराजा टी ने सभी संबंधितों से आदर्श आचरण संहिता के प्रावधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी।

कलेक्टर ने राजनीतिक दलों की स्टैंडिंग कमेटी की बैठक को संबोधित किया। बैठक में पुलिस कमिश्नर मकरंद देऊस्कर, नगर निगम आयुक्त हर्षिका सिंह समेत कई अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने आदर्श आचरण संहिता, सम्पत्ति विरूपण अधिनियम, कोलाहल नियंत्रण अधिनियम, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, पेड न्यूज सहित अन्य प्रावधानों की जानकारी देते हुए कहा कि इनका हर हाल में पालन किया जाए। निष्पक्ष, निर्भिक, पारदर्शी तथा शांतिपूर्ण निर्वाचन हमारी प्राथमिकता है। उन्होंने बताया कि सम्पत्ति विरूपण अधिनियम का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराया जाएगा। अवैध रूप से लगे होर्डिंग, बैनर, फ्लेक्स आदि को हटाने के लिए इंदौर शहरी क्षेत्र में 14 दल बनाए गए हैं। सभी नगर परिषदों और ग्राम पंचायतवार एक-एक दल बनाए गए हैं।

आदर्श आचरण संहिता के प्रभावशील होते ही जिला प्रशासन द्वारा सख्ती दिखाते हुए जिले के नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के शासकीय भवनों, सार्वजनिक स्थलों, विभिन्न मार्गों एवं वाहनों से फ्लेक्स, बैनर, पोस्टर एवं झंडों को हटाने का अभियान चलाया जा रहा है। संपत्ति विरूपण का प्रभावी पालन कराया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन डॉ. इलैयाराजा टी ने सभी संबंधितों से आदर्श आचरण संहिता, संपत्ति विरूपण अधिनियम, मोटरयान अधिनियम आदि के प्रभावी रूप से पालन की अपील की है।

## चुनाव संबंधी भ्रामक पोस्ट पर होगी शिकायत दर्ज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव संबंधी किसी भी प्रकार की भ्रामक पोस्ट वायरल करने पर पुलिस शिकायत दर्ज करेगी। शिकायत दर्ज कराने के लिए पुलिस ने मोबाइल नंबर 7587614166 भी सार्वजनिक किया है। पुलिस चुनाव को शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने प्रतिबद्ध है। मैदानी स्तर पर कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही सोशल मीडिया पर भी आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों पर नियंत्रण के लिए मॉनिटरिंग की जा रही है।

## गरबा काम्पीटिशन में पल्लवी अव्वल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। संस्था खंडेलवाल नहीं दिशा नहीं सोच, की तरफ से होटल गुरुकृपा नाथ मंदिर रोड पर नवरात्रि गरबा काम्पीटशन किया गया। इसमें जज अर्जुन चंकी और हर्षिता खंडेलवाल थे। स्पर्धा में प्रथम इनाम आराधना ग्रुप की पल्लवी शर्मा और द्वितीय इनाम रासवाई गरबा क्वीन की मीनाक्षी को मिला। स्पर्धा में महिलाएं गरबे की पोशाक में आई थी। इसके अलावा बेस्ट ड्रेस अप, बेस्ट हेयर स्टाइल, बेस्ट स्टाइलिश, गरबा क्वीन, बेस्ट डांडिया, बेस्ट डीवा का पुरस्कार दिया गया। संयोजन संध्या किलकिलीया ने किया।



पटवारी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी का मामला

# जांच रिपोर्ट नहीं हुई सबमिट ... चयनित उम्मीदवारों को करना होगा पोस्टिंग के लिए इंतजार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल। मध्य प्रदेश एम्प्लाई सिलेक्शन बोर्ड की पटवारी भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी मामले की जांच रिपोर्ट डेट लाइन गुजरने के एक महीने बाद भी पूरी नहीं हो सकी है। इधर, मप्र विधानसभा चुनाव की आचार संहिता सोमवार को लागू हो गई। इसके चलते अब पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई कथित गड़बड़ी की जांच रिपोर्ट रिपोर्ट फिलहाल अटक गई है। इसका खामियाजा परीक्षा की मेरिट में आए 8 हजार उम्मीदवारों को नियुक्ति के लिए करीब 3 महीने और इंतजार करके भरना पड़ेगा। गौरतलब है मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मप्र हाईकोर्ट से रिटायर जज राजेंद्र कुमार वर्मा को पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ियों की जांच का जिम्मा सौंपा था। साथ ही जांच रिपोर्ट कंपलीट करने की तारीख 31 अगस्त 2023 तय की थी।**

प्रदेश में विधानसभा चुनाव 2023 की आचार संहिता लागू होने से पटवारी भर्ती परीक्षा के चयनित उम्मीदवारों को जल्द ही अप्वाइनमेंट लेटर मिलने की उम्मीद टूट गई है। चयनित उम्मीदवारों की मांग है कि शासन मामले की जांच कर रहे हाईकोर्ट के रिटायर जज राजेंद्र कुमार वर्मा से चर्चा कर, जांच रिपोर्ट सबमिट कराए। साथ ही परीक्षा में जो उम्मीदवार बिना कोई गड़बड़ी किए मैरिट के आधार पर सिलेक्ट हुए हैं, उनके पोस्टिंग आर्डर जारी कर, संबंधितों को ज्वाइनिंग दे। इसके अलावा जांच रिपोर्ट में जिन उम्मीदवारों के रिजल्ट में गड़बड़ी के सबूत जांच कमेटी को मिले हैं, उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करें। वहीं इस मामले में अब कर्मचारी चयन मंडल के अफसर नो कमेंट की स्थिति में हैं। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक अफसर ने बताया कि पटवारी भर्ती परीक्षा में हुई गड़बड़ी की जांच रिटायर हाईकोर्ट जज कर रहे हैं। रिपोर्ट सबमिट नहीं हुई है। इस स्थिति में कोई भी कमेंट करना, जांच रिपोर्ट को प्रभावित करने की श्रेणी में आएगा। इस कारण मंडल , जांच रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है।

### पुलिस ने लात - घूंसों से पीटा था ...

पटवारी भर्ती परीक्षा के चयनित उम्मीदवारों ने बीते महीने भोपाल के नीलम पार्क में जल्द से जल्द पोस्टिंग की मांग को लेकर प्रदर्शन कर पैदल मार्च किया था। इसे पुलिस प्रशासन ने बिना अनुमति प्रदर्शन माना था। साथ ही पार्क से बाहर जहांगीराबाद में सड़क पर पैदल मार्च करने पर पुलिस ने लात - घूंसों से चयनित उम्मीदवारों की पिटाई की थी। इसके 50 से ज्यादा चयनित उम्मीदवारों के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने का केस दर्ज किया था।

## बीएसपी की तीसरी लिस्ट जारी, विधायक रामबाई को फिर टिकट

**भोपाल।** दमोह जिले के पथरिया विधानसभा से बहुजन समाज पार्टी ने एक बार फिर रामबाई सिंह परिहार पर दाव लगाते हुए उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया है।

रामबाई दूसरी बार बीएसपी के टिकट पर पथरिया विधानसभा से चुनाव लड़ेंगी। लेकिन इस बार का चुनाव काफी मुश्किल भरा भी रहेगा, क्योंकि परिवार के लोगों का साथ नहीं मिल पाएगा।बता दें कि विधायक रामबाई के पति, देवर सहित अन्य लोग कांग्रेस नेता की हत्या के मामले में जेल में बंद हैं। इसके पहले पथरिया से भारतीय जनता पार्टी ने लखन पटेल को अपना प्रत्याशी घोषित कर दिया है। अब केवल यहां पर कांग्रेस प्रत्याशी का घोषित होना बाकी है। साल 2018 विधानसभा चुनाव में पथरिया विधानसभा से रामबाई सिंह परिहार चुनाव जीतकर विधायक बनी थीं। वह अपने दबंग अंदाज को लेकर काफी चर्चाओं में रहती हैं।



### तीसरी सूची में हैं इन प्रत्याशियों के नाम

रामबाई सिंह- पथरिया
सोनेराम कुशवाह- जौरा
सोनेराम धाकड़ उर्फ सोनी- सबलगढ़
रामवरन सिंह- अंबाह
महेश कुशवाह- विजयपुर
राजू चौधरी- भांडेर
हृदेश कुशवाह- खरगापुर
घासीराम पटेल- राजनगर
डीलमणी सिंह उर्फ बब्बू राजा- छतरपुर
महेंद्र गुप्ता- बिजावर
सुभाष शर्मा- चित्रकूट
रामायण साकेत- मनगवां
रानी वर्मा- सिहावल
विजय कुमार विरसा- जैतपुर
सुभाष मरकाम- सिहोरा
अजाव लाल शास्त्री- वारा सिवनी
पंचेश्वर गुरुजी- कटंगी
अहिरवरन सिंह गुर्जर- शिवपुरी
उमा देवी वर्मा- गोविंदपुरा
सविता अहिरवार- गाडरवारा
विक्रम हिरपाची- छिंदवाड़ा
इंदल राव खातरकर- मुलताई
संदीप अट्ट- खंडवा
वद्रीलाल कटारिया- आष्टा
बलवंत सिंह गुर्जर- सुवासरा
दिलीप कासडेकर- नेपानगर

## युवती के सुसाइड के विरोध में हरदा बंद

### बड़ा मंदिर चौक पर धरने पर बैठे हिंदू संगठन के लोग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा। 6 अक्टूबर को सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र की रहने वाली एक 27 वर्षीय युवती ने पड़ोसी युवक की प्रताड़ना से तंग आकर ट्रेन के सामने खुदकुशी कर ली थी। इसी घटना के विरोध में मंगलवार को हिंदूवादी संगठनों ने हरदा बंद रखकर विरोध जताया है।**

बंद के दौरान पूरे शहर में केवल मेडिकल स्टोर्स ही खुली हुई है। बाजार में दूध,सब्जी एवं फलों की दुकानें भी पूरी तरह से बंद हैं। घटना को लेकर पूरे शहर के लोगों में खासा आक्रोश दिखाई दे रहा है।संगठनों के पदाधिकारियों ने मांग की है कि मृतका के साथ दुष्कर्म कर उसका अश्लील वीडियो वायरल करने व उससे रुपए ऐंठने वाले आरोपी को फांसी की सजा दी जाए। साथ ही अन्य आरोपियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए।

### बड़ा मंदिर चौक पर धरने पर बैठे सैकड़ों लोग

घटना को लेकर मंगलवार सुबह 9 बजे से शहर के बड़ा मंदिर चौक पर बड़ी संख्या में हिंदूवादी संगठनों के साथ साथ आम लोग भी धरने पर बैठ गए हैं। सभी ने मृतका को श्रद्धांजलि देने के बाद आरोपी को फांसी देने और उसके घर पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की है।

गौरतलब रहे कि आत्महत्या करने वाली युवती को उसके पड़ोस में रहने वाला युवक साजिद खान बीते कई महीनों से परेशान कर रुपयों की डिमांड कर रहा था। रुपये नहीं देने की दशा में उसका अपहरण कर गैंगरेप करने की धमकी दे रहा था। जिससे प्रताड़ित होकर युवती ने जिला मुख्यालय के रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर तीन के पास जाकर इटारसी से मुंबई की ओर जा रही उद्योगनगरी एक्सप्रेस के सामने आकर सुसाइड कर लिया। जिसके बाद उसके भाई के द्वारा किए गए मोबाइल के आधार पर पुलिस ने उसकी पहचान की थी। परिजनों का आरोप है कि इस मामले में पुलिस ने मृतका के परिवार के लोगों को चौबीस घंटे बाद सुसाइड नोट दिखाया है। वहीं और भी आरोपियों के नाम बताने पर भी उनके खिलाफ अब तक कोई कार्रवाई नहीं की है।

## कंजर डेरा पर छापेमारी, 1 लाख 20 हजार रुपए की शराब जब्त

**दतिया।** चुनावों की तारीखों के ऐलान के बाद प्रदेश में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है। इसके बाद दतिया पुलिस भी एक्शन मोड में आ गई है। मंगलवार को दतिया की सिविल लाइन थाना पुलिस ने हमीरपुर कंजर डेरा पर छापेमारी की कार्रवाई की, और मौके से 2 सौ लीटर कच्ची शराब जब्त की। मार्केट में जब्त की गई शराब की कीमत 1 लाख 20 हजार रुपए आंकी गई है। इसके अलावा पुलिस ने मौके से 1 हजार लीटर लहान को भी जब्त किया था। जिसे नष्ट कर दिया गया है। वहीं पुलिस के दस्ते को देखकर आरोपी भाग गया। जिसके बाद पुलिस ने अज्ञात अरोपी पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## पाकिस्तान के समर्थन में नारे लगाने का मामला

### कोर्ट ने 6 साल बाद सुनाया फैसला, सबूत के आभाव में 17 आरोपी बरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर।** इंडिया-पाकिस्तान के बीच 2017-18 में हुए क्रिकेट मैच में पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगाने के मामले में पुलिस ने एक मामला दर्ज किया था। करीब 6 साल तक चले केस के बाद मंगलवार को फैसला आया जिसमें सभी 17 आरोपियों को न्यायालय ने बरी कर दिया। अधिवक्ता उबेद शेख ने बताया कि साल 2017-18 में केस दर्ज हुआ था। जिसमें देशद्रोह और अशांति फैलाने का प्रकरण कायम किया गया हथा। आरोपियों के खिलाफ पुलिस सबूत पेश नहीं कर पाई। मामला शाहपुर थाना क्षेत्र के ग्राम मोहद का था। जिसमें शिकायत के आधार पर पुलिस ने 17 लोगों को आरोपी बनाया था। अधिवक्ता उबेद शेख ने कहा कि मोहद के कुछ लोगों पर आरोप लगाया गया था कि मैच के दौरान उन्होंने नारेबाजी की थी। जबकि यह राजनीतिक द्वेश के कारण प्रकरण लगाया गया था। देशद्रोह की धारा जांच के बाद हटा दी गई थी। बाद में न्यायालय में वाद लगाया था, लेकिन पुलिस न तो गवाह पेश कर पाई, न ही सबूत। इसलिए सभी आरोपी बरी कर दिए गए हैं।

रतलाम के पल्दूना में हंगामा

# सोयाबीन चोरी के शक में ग्रामीणों ने संदिग्ध को पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**रतलाम। विधानसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने के पहले ही दिन रतलाम के नामली थाना क्षेत्र के पल्दूना गांव में जमकर हंगामा हुआ। सोयाबीन चोरी करने की आशंका में ग्रामीणों ने एक संदिग्ध की जमकर पिटाई कर दी। थाने पर सूचना दिए जाने के बाद देर से पहुंची पुलिस से नाराज ग्रामीणों ने रात 1:00 तक हंगामा किया।**

ग्रामीणों का कहना था कि पुलिस पकड़े गए संदिग्ध से उसके सहयोगियों की जानकारी ले और गांव के लोगों के सामने उजागर करे। ग्रामीणों ने कहा कि पूर्व में भी गांव से कृषि यंत्र चोरी के मामले को नामली थाना पुलिस के कुछ पुलिसकर्मियों द्वारा रफा दफा कर दिया गया। जिसे लेकर ग्रामीण नामली पुलिस की पर भरोसा नहीं कर रहे थे। देर रात पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों की समझाइए के बाद ग्रामीणों ने पकड़े गए



आरोपी को नामली थाना पुलिस के सुपुर्द किया है।

नामली के पल्दूना गांव में दो संदिग्ध चोरों द्वारा सोयाबीन चोरी का प्रयास किया जा रहा था। कुछ ग्रामीणों ने उन्हें रंगे हाथ पकड़ लिया। इसी दौरान एक आरोपी फरार हो गया। ग्रामीणों ने नामली थाना पुलिस को सूचना दी लेकिन पुलिस कर्मियों के देरी से आने से ग्रामीण भड़क गए और गांव में चोरी करवाने वालों से सेटिंग करने का आरोप भी पुलिस पर लगाया।

ग्रामीणों ने बताया कि बीते वर्षों में गांव से कृषि यंत्र और थ्रेशर चोरी के मामले सामने आए थे। जिसमें गांव के आसपास के कुछ लोगों की संदिग्ध भूमिका रही थी। लेकिन नामली थाना पुलिस की खराब कार्य प्रणाली की वजह से मामला दब गया। सोमवार रात एक बार फिर गांव में चोरी की वारदात करने गए संदिग्धों को जब ग्रामीणों ने रंगे हाथ पकड़ा तो ग्रामीण चोरी करने वाले गिरोह के लोगों का नाम उजागर करने की बात को लेकर अड़ गए । करीब 2 घंटे तक चले हंगामे के बाद रात 1:00 बजे पकड़े गए संदिग्ध व्यक्ति को पुलिस के हवाले किया गया है। नामली थाना पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है।

## संपादकीय

### आतंकी हमले का विरोध

दुनिया के अनेक देश आतंकवाद का निशाना झेल चुके हैं। अमेरिका, फ्रांस और भारत काफी बड़ा नुकसान उठा चुके हैं। भारत का काफी धन और ऊर्जा इससे निपटने में खर्च होती है। अमेरिका की जुड़वां मीनारों पर हुए आतंकी हमले के बाद जब दुनिया भर के देश आतंकवाद के खिलाफ युद्ध को वचनबद्ध हुए थे, तब भारत भी उनमें अग्रणी था। इसलिए वह कहीं भी हुए आतंकी हमले के विरोध में खड़ा रहता है। इस समय भारत ने एक बार फिर साफ कर दिया है कि वह दुनिया में कहीं भी और किसी भी प्रकार के आतंकवाद के खिलाफ है। हमास एक आतंकवादी संगठन है और जिस तरह उसने इजराइल पर हमला किया और कई सौ लोगों को मार डाला, वह मानवता के विरुद्ध उठाया गया कदम है। हालांकि इजराइल ने हमास के इस हमले को युद्ध कहा और उस पर पलटवार करते हुए पूरे गाजा क्षेत्र की घेराबंदी कर दी है। उसने हमास को नेस्तनाबूद करने का संकल्प दोहराया है। इस हमले के बाद दुनिया भर से अलग-अलग प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। इस्लामी देशों के लामबंद होने और इजराइल के खिलाफ बड़े युद्ध की आशंका भी जताई जा रही है। अमेरिका ने इजराइल को मदद भेजनी शुरू कर दी है। ऐसे में फिर से दुनिया दो ध्रुवों में बंटती नजर आ रही है। मगर दुनिया के तमाम देशों की प्राथमिकताएं बदल रही हैं और वे सुरक्षा से अधिक अपने व्यापारिक रिश्तों को अहमियत देते देखे जा रहे हैं। इसलिए माना जा रहा है कि फिलस्तीन के समर्थन और इजराइल के विरोध में कोई बड़ी लामबंदी नहीं हो सकती। चूंकि हमास को ईरान की शह मिली हुई है, इसलिए उसके इजराइल के खिलाफ मैदान में उतरने की संभावना अधिक जताई जा रही है। मगर वैश्विक मंच पर आज कोई ऐसा देश नहीं है, जो इस तरह किसी आतंकी संगठन के पक्ष में उतरना चाहेगा। इजराइल की दुश्मनी फिलस्तीन से है। फिलस्तीन के हिस्से की जमीन इजराइल ने हथिया रखी है। इसे संयुक्त राष्ट्र के मंच पर भी सुलझाने का प्रयास किया गया, मगर इजराइल के रुख में कोई बदलाव नहीं आया। कोई भी लोकतांत्रिक देश इस तरह किसी देश के भूभाग पर कब्जा करने के प्रयासों को उचित नहीं ठहरा सकता। इसीलिए भारत भी शुरू से फिलस्तीन का पक्षधर रहा है। अब भी वह इजराइल के साथ जरूर है, मगर फिलस्तीन के हक के खिलाफ नहीं है। हालांकि प्रधानमंत्री के इजराइल के साथ खड़े होने की घोषणा पर विपक्षी दलों की प्रतिक्रिया कुछ इस तरह आ रही है, जैसे भारत फिलस्तीन के विरोध में खड़ा है।

**अर्ज किया है..!**

*बुझ गई शम्अ की लौ*
*तेरे दुपट्टे से तो क्या*
*अपनी मुस्कान से*
*महफ़िल को मुनव्वर कर दे*

-सदा अम्बालवी




**तुम झूठ बोलो तो विकास तो होगा.. पर विश्राम नहीं होगा.. किसी का छीना हुआ अमृत तुम्हें अमर तो बन देगा पर निर्भय नहीं बना सकता...**

सत्य-प्रेम-करुणा...

साभार - Chitrakutdham Talgajarda

## ज्ञान-विज्ञान



# ब्रह्मोस मिसाइल के नए वर्जन का सफल टेस्ट, रेंज बढ़ने से बढ़ी सेना की ताकत

भारत ने अपनी सबसे खतरनाक ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल के लैंड अटैक वर्जन का सफल परीक्षण किया है. इस मिसाइल का परीक्षण अंडमान और निकोबार द्वीप समूह के एक अज्ञात द्वीप से किया गया. जिसने दूसरे द्वीप वीरान द्वीप पर लगाए गए टारगेट को ध्वस्त कर दिया.

आज हुए परीक्षण का मकसद था मिसाइल के रेंज को बढ़ाना. जमीन से जमीन पर मार करने वाली इस मिसाइल की रेंज को बढ़ाकर अब 450 किलोमीटर से ज्यादा कर दिया गया है. इस मिसाइल की लंबाई 28 फीट लंबी है. यह 3000 kg वजनी है. इसमें 200 kg के पारंपरिक और परमाणु हथियार लगा सकते हैं.

इस मिसाइल की रेंज यह 300 किलोमीटर से 800 किलोमीटर तक की दूरी के बीच है. जिसे धीरे-धीरे बढ़ाया जा रहा है. इसकी गति इसे सबसे ज्यादा घातक बनाती है. यह 4300 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हमला करती है. यानी 1.20 किलोमीटर प्रति सेकेंड. इसके छूटने के बाद दुश्मन को बचने का या हमला करने का मौका नहीं मिलता.

इससे पहले भारतीय वायुसेना (Indian Airforce) ने ब्रह्मोस एक्सटेंडेड एयर वर्जन का सुखोई-30 MkI से सफलतापूर्वक परीक्षण किया था. यह मिसाइल एंटी-शिप वैरिएंट थी. यानी सुखोई से इस मिसाइल को दाग कर दुश्मन के जंगी जहाजों को डुबोया जा सकता है. परीक्षण के दौरान मिसाइल ने टारगेट शिप को ध्वस्त कर दिया. इस मिसाइल की रेंज 400 km है.

इस टेस्टिंग के साथ ही भारतीय वायुसेना ने सुखोई फाइटर जेट से जमीन या समुद्र में लंबी दूरी के टारगेट्स पर निशाना लगाने की मारक क्षमता हासिल कर ली है. प्रेसिसन स्ट्राइक करने की क्षमता बढ़ गई है. यानी फाइटर जेट से समुद्र में 400 km दूर मौजूद दुश्मन के जंगी जहाज को नष्ट किया जा सकता है.

कुछ महीने पहले भी इसी फाइटर जेट से Indian Navy के डिकमीशन्ड जहाज पर ब्रह्मोस मिसाइल से लाइव फायर किया गया था. भारत सरकार अपनी टैक्टिकल मिसाइलों की रेंज बढ़ा रही है. भारतीय वायुसेना के 40 सुखोई-30 MKI फाइटर जेट पर ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलें तैनात हैं.

ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल को पूरी तरह से देश में ही विकसित किया गया है. इसमें रैमजेट इंजन (Ramjet Engine) तकनीक का उपयोग किया गया है. ताकि इसकी गति और सटीकता और ज्यादा घातक हो जाए. ब्रह्मोस मिसाइल हवा में ही मार्ग बदलने में सक्षम है. चलते-फिरते टारगेट को भी ध्वस्त कर सकता है. यह 10 मीटर की ऊंचाई पर उड़ान भरने में सक्षम हैं, यानी दुश्मन के राडार को धोखा देना इसे बखूबी आता है.

Haryana

# भिवानी में दर्दनाक हादसा: सड़क पर खड़े ट्रक में गाड़ी की भयंकर टक्कर, छह युवकों की मौत

**भिवानी (हरियाणा), (एजेंसी)** भिवानी के बहल क्षेत्र के गांव सेरला के समीप मंगलवार देर रात करीब साढ़े 11 बजे सड़क हादसा हो गया। जिसमें चार युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो युवकों की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। हादसा कार और ट्रक की टक्कर से हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात को गाड़ी में सवार छह युवक गांव सेरला की तरफ आ रहे थे कि सड़क पर खड़े एक ट्रक से उनकी गाड़ी की जबरदस्त टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि गाड़ी के परखचें उड़ गए और इसमें सवार चार युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि दो युवकों की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो गई। हादसे में मृतक की पहचान



ढाबढाणी निवासी 18 साल के रवि के रूप में हुई है।

दूसरा युवक हिसार के बरवाला निवासी प्रदीप बताया जा रहा है। जबकि चार मृतकों की पहचान नहीं हो पाई है। सभी युवकों के शवों को नागरिक अस्पताल लाया गया। जहां बहल पुलिस मृतकों के शवों का बुधवार को पोस्टमार्टम कराएगी। पुलिस की एक टीम ने बुधवार को मौके पर पहुंचकर छानबीन की है। बहल पुलिस मृतकों की पहचान कराने के साथ इस संबंध में आगामी कार्रवाई में जुटी है। गांव भुंगला से बलेनो गाड़ी में सवार होकर पांच युवक बहल जा रहे थे। इस सड़क हादसे में ट्रक के पीछे रस्से खींच रहे ट्रक के क्लीनर की भी मौत हो गई। मृतक प्रदीप के भाई सुनील ने बताया कि प्रदीप अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। वहीं अन्य मृतकों की अभी पहचान की जा रही है।

New Delhi

## मोदी सरकार की किसानों को बड़ा गिफ्ट देने की तैयारी, PM Kisan सम्मान निधि में मिलेंगे 8000 रुपये

**नई दिल्ली , (एजेंसी) मोदी सरकार छोटे किसानों को बड़ा गिफ्ट देने जा रही है। 2024 के चुनावों को देखते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, पीएम किसान की रकम को 6000 रुपये से बढ़ाकर 8000 रुपये कर सकते हैं। इस मामले को जानने वाले दो अधिकारियों के अनुसार, सरकार छोटे किसानों के लिए साल में तीन किस्तों के रूप में दी जाने वाली पीएम किसान सम्मान निधि की रकम 6,000 रुपये से बढ़ाकर 8,000 रुपये करने के विकल्पों पर विचार कर रही है।**

पीएम किसान सम्मान निधि में इस अपडेट पर नाम न बताने की शर्त पर इन अधिकारियों ने इकोनॉमिक टाइम्स से कहा मामला अभी विचाराधीन है। यदि इसे मंजूरी मिल जाती है तो योजना पर सरकार को 20,000 करोड़ रुपये का अतिरिक्त खर्च आएगा। यह चालू वित्तीय वर्ष में मार्च 2024 तक कार्यक्रम के लिए बजट में 60,000 करोड़ रुपये के अलावा होगा। हालांकि, वित्त मंत्रालय के प्रवक्ता नानू भसीन ने इस मामले पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

Uttarpradesh

## यूपी पुलिस एनकाउंटर में चार बदमाश पकड़े, आगरा के स्कूल में डकैती मामले में थे वांछित

**आगरा, (एजेंसी)** आगरा के ताजगंज के पचगाई पट्टी स्थित सेंट जोसेफ वर्ल्ड स्कूल में चार अक्तूबर की रात को आठ बदमाशों ने डकैती डाली थी। मंगलवार तड़के पुलिस ने बदमाशों की घेराबंदी कर ली। बदमाशों ने गोलियां चलाईं तो पुलिस ने भी फायरिंग की। मुठभेड़ के बाद चार गिरफ्तार कर लिए। इनमें दो सनी पंडित और सागर गोली लगने से घायल हो गए।

डीसीपी सिटी सूरज राय ने बताया कि 4 अक्तूबर को जय सिंह कुशवाहा के पचगाई पट्टी स्थित स्कूल में डकैती पड़ी थी। बदमाशों ने संचालक की बेटी रजनी, दामाद नवीन और धेवती श्रेष्ठा को बंधक बनाया था। 70 हजार रुपये, 15 बैटरी, लैपटॉप, 3 एलईडी स्कूल वैन में लूट ले गए थे। घटना के खुलासे को एसओजी प्रभारी आनंदवीर सिंह व थाना ताजगंज पुलिस लगी थी।

Bihar

## मॉर्निंग वॉक कर रहे तीन लोगों को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला, दो की मौत

**गोपालगंज, (एजेंसी)** बिहार के गोपालगंज में मॉर्निंग वॉक पर निकले तीन लोगों को बेकाबू ट्रक ने कुचल दिया. हादसे में महिला समेत दो लोगों की दर्दनाक मौत हो गई है. जबकि एक महिला की हालत गंभीर बनी हुई है. यह घटना मांझागढ़ थाना के पथरा गांव के समीप एनएच-27 की है.

मृतकों की पहचान पथरा गांव के रहनेवाले 65 वर्षीय दीनानाथ ठाकुर और 45 वर्षीय सावित्री देवी के रूप में की गई है. वहीं जख्मी महिला का नाम शीला देवी है, जिसकी हालत गंभीर बनी हुई है. उसे सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया जा रहा है. सदर अस्पताल के चिकित्सक डॉ. राम उग्रह प्रसाद ने बताया कि दुर्घटना में तीन लोगों को सादर अस्पताल लाया गया था, जिसमें दो लोगों की अस्पताल पहुंचने से पहले ही मौत हो चुकी थी. संजय कुमार का कहना है कि रोजाना की तरह आज भी तीनों ग्रामीण मॉर्निंग वॉक पर निकले थे. एनएच-27 पर अचानक से एक तेज रफ्तार ट्रक गुजरा. उसने तीनों को कुचल दिया. हादसे के बाद वाहन लेकर चालक फरार भी हो गया.

खेल

# भारत की निगाह लगातार दूसरी जीत पर अफगानिस्तान के स्पिनरों से रहना होगा सावधान

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** पांच बार की विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया को हराकर विश्वकप में विजयी आगाज करने वाली टीम इंडिया के सामने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में अफगानिस्तान की चुनौती होगी। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके तेज गेंदबाजों से कड़ी चुनौती मिली थी। इसके उलट अफगानिस्तान के स्पिनर भारतीय टीम को परेशान करने का माद्दा रखते हैं। उसके पास राशिद खान, मुजीब उर रहमान और मोहम्मद नबी जैसे स्पिनर हैं। विश्वकप में भारत और अफगानिस्तान सिर्फ एक बार 2019 में आपस में भिड़े हैं और यहां भी इन्हीं तीनों स्पिनरों ने भारतीय बल्लेबाजों को जमकर परेशान किया था, जिसके चलते भारत मोहम्मद शमी की हैट्रिक की बदौलत सिर्फ 11 रन से जीत पाया था। वहीं शुभमन गिल की गैरमौजूदगी में ईशान किशन के कंधों पर बतौर ओपनर रन बनाने का भार होगा।



भारतीय टीम यह मैच जीतकर पाकिस्तान और न्यूजीलैंड की बराबरी करना चाहेगी। ये दोनों टीमें विश्व कप में अपने शुरुआती दो मैच जीत चुकी हैं और भारत भी अपना दूसरा मैच जीतकर अंक तालिका की शीर्ष तीन टीमों में जगह बनाना चाहेगा।

**रोहित, ईशान, श्रेयस ने जमकर बहाया पसीना**

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दो रन पर तीन विकेट खोने का यह नतीजा निकला कि मंगलवार को कोटला के नेट पर रोहित शर्मा, ईशान किशन और श्रेयस अय्यर ने जमकर पसीना बहाया। भारतीय टीम का यह वैकल्पिक अभ्यास सत्र था। चेन्नई में अच्छा प्रदर्शन करने वाले विराट कोहली, केएल राहुल, जसप्रीत बुमराह, कुलदीप यादव ने सत्र में हिस्सा नहीं लिया, लेकिन चेन्नई में शून्य पर आउट होने वाले तीनों बल्लेबाजों ने जमकर अभ्यास किया। रवींद्र जडेजा, सूर्यकुमार यादव ने भी इन दोनों के साथ बल्लेबाजी की।

**अफगानिस्तान से मिली है कड़ी चुनौती**

अफगानिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ इस विश्वकप के पहले मैच में छह विकेट से करारी हार मिली थी। यहां राशिद खान नहीं चले थे। बावजूद इसके भारत इस टीम को हल्के में नहीं आंक सकता है। अब तक भारत और अफगानिस्तान ने आपस में तीन वनडे खेले हैं, जिसमें दो में भारत को विजय मिली है, जबकि एक टाई रहा है। तीन में से दो मैचों में अफगानिस्तान ने भारत को कड़ी टक्कर दी है। 2019 के विश्वकप मैच में मुजीब ने एक, नबी ने दो और राशिद ने एक विकेट लिया था। भारत की सफलता इसी पर निर्भर करेगी कि बल्लेबाज इन तीनों स्पिनरों का किस तरह सामना करते हैं।

**ईशान के पास मनोबल हासिल करने का मौका**

चेन्नई के उलट कोटला की पिच विश्वकप के लिए नए सिरे से बनाई गई है। यहां हुए दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका के बीच पहले मैच में कुल 745 रन बने थे, जिसमें कुल 31 छक्के लगे थे। बुधवार को भी पिच रनों से भरी हुई मिलने की उम्मीद है।

सिनेमा

## आधी रात को नंगे पांव जलसा के गेट पर आए अमिताभ, हाथ जोड़कर जताया फैंस का आभार



बॉलीवुड के शहंशाह अमिताभ बच्चन ने अपने जन्मदिन पर फैंस को खास तोहफा दिया। वह आधी रात जलसा के गेट पर आकर अपने फैंस से मिले और हमेशा की तरह नंगे पांव ही डाइस पर खड़े होकर अपने फैंस का आभार व्यक्त किया। अमिताभ बच्चन अपने घर वाले कंफी आउटफिट में ही बाहर आए। उन्होंने ट्रैक सूट पहना हुआ था और सिर पर कैप लगाई थी। मालूम हो कि नव्या नवेली नंदा और श्वेता बच्चन द्वारा शेयर की गई तस्वीरों में भी वह इसी आउटफिट में दिख रहे हैं। अमिताभ बच्चन ने हाथ जोड़कर अपने फैंस को नमस्कार किया और कुछ लोगों के हालचाल भी पूछे। मालूम हो कि बॉलीवुड के महानायक अमिताभ बच्चन आज अपना 81वां जन्मदिन मना रहे हैं। अमिताभ बच्चन हमेशा ही अपने फैंस से मुलाकात करने नंगे पांव ही आते हैं। एक बार जब एक फैन ने उनसे पूछा कि आखिर वह नंगे पांव ही क्यों अपने फैंस से मिलने आते हैं तो बिग बी बड़ी खूबसूरती से इसका जवाब देते हुए कहा- क्या आप मंदिर में चप्पल पहनकर जाते हैं? अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन और उनकी नातिन नव्या नवेली नंदा ने बिग बी के बर्थडे पर कुछ खास तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं। श्वेता बच्चन ने जहां एक कोजाल पोस्ट किया है जिसमें वह अपने पापा को गले लगाती नजर आ रही हैं, वहीं नव्या नवेली नंदा ने ठीक बर्थडे के मौके पर क्लिक की गई तस्वीर शेयर की है।

## Highlights

1. CBI searches home, office of NewsClick Founder over foreign fund rules violation
2. 1 dead as gas tanker overturns, catches fire in MP; clip surfaces
3. Supreme Court asks Rajinikanth's wife Latha to move trial court in cheating case
4. Man trying to board moving Vande Bharat train slips, saved by railway policeman
5. Will welcome 'Modi miracle' amid Israel-Hamas war: Ex-Israeli Intel chief
6. Woke up to noise of massive blast at 6:30 am in Israel: Musician Girish Vishwa

# Hurun Rich List 2023: Richest Indian-origin business managers revealed

**NEW DEIHI, (Agency).** Hurun India's Rich List 2023, which was released on Tuesday, reveals that there are as many as 259 billionaires (221 in 2022) in the country, with the top two being Mukesh Ambani and Gautam Adani, respectively. The list also identifies Indian-origin professional managers/business heads who have an impressive net worth.



Which Indian-origin manager, therefore, has the highest net worth? Is it Google's Sundar Pichai, Microsoft's Satya Nadella, or someone else?

We're now on WhatsApp. Click to join.

(1.) Jayashree Ullal (CEO, Arista Networks): Her total wealth stands at ₹20,800 crore. Born in London and raised in Delhi, Ullal has been with the American computer networking firm – she also serves as its President – since 2008. She is also on the board of directors of Snowflake, a cloud computing company that went public in September 2020.

(2.) Thomas Kurian (CEO, Google Cloud): His net worth is ₹15,800 crore. Kurian was born in Kerala and began his professional career with McKinsey & Company. He joined Oracle in 1996 and went on to become the organisation's President.

Kurian joined Google Cloud in 2019.

(3.) Ajay Banga (President, World Bank): A recent appointee, Banga's overall fortune is worth ₹7600 crore. Before starting his professional career with Nestle, he studied at Delhi's St Stephen's College and IIM-Ahmedabad. Banga also worked at Mastercard, as its CEO and Executive Chairman.

Microsoft CEO Satya Nadella ( ₹7500 crore) is the fourth on the list, followed by his Palo Alto counterpart Nikesh Arora ( ₹7400 crore). Google CEO Sundar Pichai is just outside the top 5, ranked sixth with a net worth of ₹5400 crore.

# Adobe's AI juggernaut adds new capabilities to Firefly and Creative Cloud apps

**NEW DEIHI, (Agency).** Adobe's artificial intelligence (AI) initiatives have taken a significant step forward. For consumers and creators, increasing parity with newer capabilities underlined the giant's comprehensive approach at the company's annual Adobe MAX conference. Three new Firefly generative AI models with specific safety measures in place, more AI functionality for Adobe Express alongside as many as 100 new tools across the Creative Cloud apps including Photoshop and Lightroom. For creators and specific workflows, Adobe is releasing a GenStudio solution.

In a significant step forward towards solving what already seems to be a difficult battle against increasingly realistic looking AI images on the web often portraying a different realm of reality, or even challenges to trace ownership of an AI generated image, Adobe is embedding something they refer to as a "nutrition label", with each AI generated image.

We're now on WhatsApp. Click to join.

Content Credentials, as they are formally called, will be automatically attached to all generations done using the Firefly tool. Details included will be the creator's name, date and the edits made.

Adobe said they've been surprised with the interest Firefly's generative AI text-to-image tool has generated. "Since the release of our first Firefly image model in March, we've been taken aback by the amazing response from the community, who has demonstrated how useful Firefly is to enhancing experimentation and design and speeding up workflows, without compromising creative control," said David Wadhwani, president, Digital Media Business at Adobe.

# कैफे में आग लगाने वाला बुजुर्ग पकड़ाया

## लोगों में लाना चाहता था सुधार, इसलिए लगा दी आग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लसूडिया इलाके के एक कैफे में आग लगाने वाले बुजुर्ग को पुलिस ने पकड़ लिया है। पूछताछ में उसने बताया कि कैफे के नीचे युवतियां सिगरेट पीती थीं। वह एक्टर अमिताभ बच्चन के शहंशाह मूवी के रोल से प्रेरित था। वह फिल्मों की तरह लोगों में सुधार लाना चाहता था। इसलिये उसने कैफे में आग लगा दी थी।**

पुलिस ने स्काई कॉर्पोरेट कैफे में आग लगाने वाले बुजुर्ग विजय माठे को गिरफ्तार किया है। दरअसल एक दिन पहले इस कैफे पर आग लगाने का मामला सामने आया। संचालक शुभम चौधरी ने सीसीटीवी फुटेज निकालकर चेक करवाए तो एक बुजुर्ग आग लगाकर जाता हुआ नजर आ रहा है।

पूरे मामले की शिकायत लसूडिया पुलिस से की। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर विजय माठे को हिरासत में लिया। पूछताछ में उसने बताया कि लड़कियां कैफे पर खड़ी होकर सिगरेट पीती हैं। जो मुझे पसंद नहीं। इसलिए इस कैफे में आग लगा दी। कैफे में आग से बड़ा नुकसान हो गया।

इधर, उसने पूछताछ में बताया कि वह अमिताभ बच्चन से प्रेरित है। वह शहंशाह मूवी की तरह समाज में सुधार करना चाहता है। विजय माठे को मंगलवार को जब थाने लाया गया तो वह पुलिसकर्मियों से पांच लाख रुपये अपने रिश्तेदार से लाने की बात करता रहा। उसने कहा कि पुलिस पैसों से बिकती है अभी पुलिस को खरीद लेगा। टीआई सोनी अभी उससे पूछताछ कर रहे हैं।

# नगर निगम कर्मचारी ने की खुदकुशी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। खजराना इलाके में रहने वाले नगर निगम के कर्मचारी ने मंगलवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक वह घर पर अपने बेटे के साथ थे। इस दौरान कमरे में गए फांसी लगा ली। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम किया है।**

खजराना पुलिस के मुताबिक राजेश (47) पिता रामचंद तंवर निवासी सूरज नगर ने नगर निगम के फूड डिपार्टमेंट में पदस्थ थे। राजेश मंगलवार को काम पर नहीं गए। राजेश के रिश्तेदार ने बताया कि उनका बेटा भी घर पर ही था, लेकिन वह दूसरे कमरे में था।

कुछ देर बाद पिता के नहीं दिखने पर वह कमरे में गया। जहां वह फंदे पर लटके हुए थे। राजेश के दो बेटे हैं व मां साथ रहती हैं। उनकी पत्नी काफी समय पहले से अलग हो चुकी हे। पुलिस के मुताबिक अभी सुसाइड नोट नहीं मिला है। मामले में जांच की जा रही है।

# चोरी, लूट के मोबाइल नेपाल, थाइलैंड में बेचने वाले धराए

## लॉक तोड़ने में माहिर बदमाशों पर दर्ज हैं कई केस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। पुलिस ने ऐसे दो युवकों को पकड़ा है, जो चोरी और लूट के मोबाइल अपने एक अन्य साथी की मदद से नेपाल और थाइलैंड में बेचते थे। उनके पास से कई मोबाइल जब्त हुए हैं। आरोपीगण मोबाइल का लॉक तोडऩे में माहिर है। उनके खिलाफ कई मामले दर्ज हैं। मामले में मोबाइल लूट गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। क्राइम ब्रांच के डीसीपी राजेश दंडोतिया के मुताबिक, मुखबीर से सूचना मिली थी कि रावजी थाना क्षेत्र स्थित मकान में बड़ी मात्रा में महंगे मोबाइलों का स्टाक था। यह मोबाइल लूट और चोरी के थे। जिस युवक के घर मोबाइल रखे थे, वह लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी को पकडऩे पुलिस ने मुखबीर सक्रिय किए थे। मुखबीर की सूचना पर नारायण चौहान निवासी मेघदूत नगर एवं साथी जैनुल शेख उर्फ अर्सलान निवासी भिश्ती मोहल्ला को गिरफ्तार किया है। पूर्व में इनके पांच अन्य साथी भी पकड़े जा चुके थे। उस समय पुलिस ने 500 से अधिक मोबाइल जब्त किए थे।

आरोपियों ने पूछताछ में चोरी व लूट के मोबाइल के लॉक तोडना, उनके पार्टस बदल कर मुख्य आरोपी जितेन्द्र उर्फ जानी तथा मोहित उर्फ टिंकू के साथ मिलकर बेचना स्वीकार किया है। आरोपियों के पूर्व के आपराधिक रिकार्ड भी सामने आए हैं। आरोपियो के कब्जे से और भी कई मंहगे मोबाइल जब्त होने की संभावना है। बता दें, जितेन्द्र और मोहित इस मामले में पकड़े जा चुके हैं।

क्राइम ब्रांच ने एक साल पहले भी कुछ बदमाशों को पकड़ा था। इन बदमाशों ने जेलरोड सहित कई बाजारों से मोबाइल चुराकर उन्हें विदेश में बेचा था। वहीं, जेलरोड स्थित दुकान से मोबाइल चुराकर उनके सीक्रेट नंबर बदलकर वापस उसी बाजार में बेच देते थे।

## साढ़े तीन लाख की ब्राउन शुगर जब्त

**इंदौर।** मादक पदार्थों की खरीद फरोख्त रोकने पुलिस ने आपरेशन प्रहार चला रखा है। इस अभियान को लगातार सफलता भी हासिल हो रही है। इसी क्रम में क्राइम ब्रांच की टीम ने स्कीम नंबर 51 में रहने वाले राजेश खांडे को 36 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ पकड़ा है। जब्त पदार्थ की कीमत तीन लाख 60 हजार रुपए है। आरोपी पूर्व में जेल जा चुका है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है। इसी क्रम में पुलिस ने लखन उर्फ लक्की होलकर निवासी मित्र बंधु नगर को भी पकड़ा। उसके पास से 12 ग्राम ब्राउन शुगर जब्त की गई है।

## सातवीं के दो छात्र घर के रास्ता भूले

**इंदौर**। सातवीं कक्षा के दो छात्र आपस में बात करने में इतने मशगूल रहे की घर का रास्ता भूल गए। करीब आधे घंटे बाद वे सकुशल घर पहुंचे। एरोड्रम पुलिस के मुताबिक, छोटा बांगड़दा में वेदांश हायर सेकंडरी स्कूल है। यहां कंडिलपुरा और महाराणा प्रताप नगर(मल्हारगंज थाना क्षेत्र) के दो बच्चे पढ़ते हैं। सुबह 7 से 12 बजे तक उनका स्कूल लगता है। दोनों साइकल से ही आना जाता करते थे। स्कूल छुटने के बाद जब वे घर नहीं पहुंचे तो परिजनों को चिंता सताने लगी। स्कूल जाकर पता किया तो वहां से घर जाने की सूचना मिली। परिजनों में पुलिस को सूचना दी। पुलिस भी सक्रिय हो गई और जांच पड़ताल करने लगी। इसी बीच, करीब 12.35 बजे दोनों दोस्त अपने-अपने घर पहुंच गए। बच्चों ने रास्ता भूलने की बात कही है।

# युवक की संदिग्ध मौत

**इंदौर। चंदन नगर में रहने वाले युवक की रानीपुरा इलाके में मौत हो गई। दोस्तों के मुताबिक रात में उसकी तबीयत बिगड़ी तो अस्पताल लेकर पहुंचे। यहां उसने खून की उल्टियां की। जिसके बाद दम तोड़ दिया। डॉक्टरों ने जहर खाने की बात कही है। शव को पोस्टमार्टम के लिये मर्चुरी में रखवाया गया है।**

पुलिस के मुताबिक शहजाद (24) पिता अकरम कुरैशी निवासी चदंन नगर को उसका दोस्त मुदस्तर देर रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंचा। यहां शहजाद की मौत हो गई। दोस्त ने बताया कि शहजाद अपने परिवार से अलग रहता है। रात में उसका कॉल आया। उसके रिश्तेदार के साथ वह अस्पताल लेकर पहुंचे।

शहजाद रानीपुरा में किराये के कमरे में रहता है। दो दिन पहले उसका भाभी से विवाद हुआ। उसकी तबीयत भी खराब है। इसके चलते वह डॉक्टर के यहां से अपना उपचार भी करवा रहा था। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद मामले का खुलासा हो पाएगा।

## मोबाइल लुटेरे से दो चाकू और बाइक बरामद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** राहगीर का मोबाइल झपटकर भाग रहे दो बदमाशों को पुलिस ने चंद मिनटों में दबोच लिया है। आरोपियों से दो चाकू और वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकल भी बरामद की है। बदमाशों को एक किलोमीटर पीछा कर पकड़ा। हीरानगर पुलिस को फरियादी नीरज पिता मोहनलाल मालवीय से बताया कि मैं किसी से मिलने के लिए बापट चौराहा पर खड़ा था। तभी न्याय नगर से मोटर सायकल पर दो अज्ञात युवक पीछे से आए और मोबाइल की छीनकर ले गए। शिकायत के बाद पुलिस ने घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकाले गए।

## बदमाश से 4 पिस्टल बरामद

# देवास का आरोपी 40 से अधिक घातक हथियार खपा चुका है

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट **इंदौर**। पालदा क्षेत्र में पिस्टल बेचने आए देवास के आदतन बदमाश को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 4 पिस्टल जब्त हो चुकी है। अब तक 40 घातक हथियार बेच चुका है। वह खरगोन के सिकलीगरों से सस्ते दाम में हथियार लेकर उन्हें सप्लाय करता था। आरोपी कई बार इस मामले में जेल जा चुका है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पालदा की लखानी फैक्ट्री मंदिर के पास युवक फायर आम्र्स सप्लाई करने के लिए घुम रहा है। यहां से दानिश मोहम्मद निवासी ग्राम रसलपुर थाना औद्योगिक क्षेत्र देवास को पकड़ा। उसने पूछताछ में बताया कि अवैध पिस्टल ग्राम सतीपुरा भगवानपुरा जिला खरगोन के सिकलीकर से लाता है। आरोपी से देवास पुलिस ने पिछले कुछ वर्षो में 10 अवैध फायर आम्र्स जब्त कर चुकी है। आरोपी ने किन युवकों को हथियार बेचे, इसे लेकर भी पूछताछ की जा रही है।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र आर.पालीवाल, ■ समूह PRO - एल.एन. उग्र ■ फोन : 0731-2433667 ■*पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार।